Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि / कुसका / 2023– 1669 दिनांक : 02 नवम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त अनुदानित / राजकीय / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध–प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक / परास्नातक / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को परीक्षा समिति की सम्पन्न बैठक में लिए गये निर्णय के क्रम में सूचित करना है कि "शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक / परास्नातक / व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (त्रिवर्षीय एलएल0बी0 एवं बी0एड0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 28 नवम्बर, 2023 से 23 दिसम्बर, 2023 के मध्य दो पालियों में (प्रातः पाली 10:00 से 12:00 बजे तथा सायं पाली 02:00 से 04:00 बजे तक) कराये जाने के निर्णय के साथ ही विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ एक सप्ताह के अन्दर घोषित कर दिया जाये।

त्रिवर्षीय एलएल0बी0 एवं बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश में कुछ विलम्ब होने तथा पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर हेतु निर्धारित अवधि पूर्ण न होने के कारण इनकी परीक्षाएं दिनांक 06 जनवरी, 2024 से 12 जनवरी, 2024 के मध्य सम्पन्न करायी जायेंगी।

तत्क्रम में समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है विषम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम का पठन–पाठन प्रत्येक दशा में 21 नवम्बर, 2023 तथा त्रिवर्षीय एलएल0बी0 एवं बी0एड0 का पाठ्यक्रम 23 दिसम्बर, 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिये जाये।"

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner